भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3892 का उत्तर

न्यू जलपाईगुड़ी और गुवाहाटी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस

3892. श्रीमती बिजुली कलिता मेधी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या न्यू जलपाईगुड़ी और गुवाहाटी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस अपनी गलत समय-सारिणी के कारण गुवाहाटी के रेल यात्रियों को कम उपयोगी लगी है;

(ख) क्या वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह गुवाहाटी से चलकर दोपहर बाद न्यू जलपाईगुड़ी से वापस आती है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): वर्तमान में, 22227 न्यू जलपाईगुड़ी-गुवाहाटी वंदे भारत एक्सप्रेस न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 06:10 बजे प्रस्थान करती है और 11:40 बजे गुवाहाटी पहुँचती है। वापसी दिशा में, 22228 गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस गुवाहाटी से 16:30 बजे प्रस्थान करती है और 22:00 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुँचती है।

वित्त वर्ष 2024-25 (अक्टूबर 2024 तक) के दौरान, न्यू जलपाईगुड़ी और गुवाहाटी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की कुल अधिभोगिता 100% से अधिक है।

*****